# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार के अंतर्गत रक्षा मंत्रालय का उद्यम)**

**निगम कार्यालय : गच्चीबाउली, हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-सीसी/एमआर/07 दि. 16.07.2026

**<u>प्रेस-विज्ञप्ति</u>**

## बीडीएल का 57वाँ स्थापना दिवस मनाया गया




भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने आज अपनी सभी इकाई एवं कार्यालयों में 57वाँ स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया।

स्थापना दिवस समारोह के आरंभ में बीडीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री शैलेश वगेरवाल ने निदेशकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, मान्यता प्राप्त यूनियन और असोसिएशन के पदाधिकारी की उपस्थिति में केक काटते हुए कहा कि सशस्त्र सेनाओं की सेवा में समर्पित कंपनी की शानदार यात्रा में यह वर्ष एक और मील का पत्थर साबित होगा।

महान राष्ट्र-निर्माता जिनके आदर्श संगठन को प्रेरणा देते हैं, के सम्मान में कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए भारतरत्न डॉ. बी. आर. अंबेडकर, बाबू जग्जीवन राम, महात्मा ज्योतिराव फुले और भारतरत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री शैलेश वगेरवाल ने 57वें स्थापना दिवस पर पूरे बीडीएल परिवार को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर कंपनी के वर्तमान और सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी, उनके परिजन, ग्राहक, रक्षा मंत्रालय के अधिकारी, सी आई एस एफ, व्यवसाय भागीदार और अन्य शेयरधारकों को उनके लगातार सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी से कहा कि वे सशस्त्र बलों की बढ़ती माँगों को पूरा करने और सरकार के 'विकसित भारत' विज़न का समर्थन करने के लिए ग्राहक संतुष्टि, समय पर डिलीवरी, संचालन उत्कृष्टता, गुणवत्ता, नवाचार और टीमवर्क के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहें।

साथ ही, उन्होंने 'ग्राहक पहले' वाली अवधारणा, बिना किसी समझौते वाली गुणता, समय पर डिलीवरी, नवाचार, जवाबदेही, ईमानदारी और टीमवर्क के माध्यम से कंपनी को विश्व की प्रतिष्ठित रक्षा विनिर्माण कंपनी के रूप में स्थापित करने के अपने विज़न के बारे में भी बताया।

आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय विज़न को आगे बढ़ाने में बीडीएल की अहम भूमिका को दोहराते हुए उन्होंने कर्मचारी सशक्तीकरण, लगातार सीखने, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, तकनीकी उत्कृष्टता, संरक्षा, सातत्यता और सशस्त्र बल, डीआरडीओ, उद्योग और शैक्षिक संस्थाओं के साथ मज़बूत साझेदारी के महत्व पर ज़ोर दिया।

---XXX---